प्रीलिम्स फैक्ट्स: 09 जुलाई, 2019

drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/09-07-2019/print

नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन: 2020

National Electric Mobility Mission Plan- NEMMP: 2020

यह एक राष्ट्रीय मिशन दस्तावेज़ (National Mission Document) है जो देश में इलेक्ट्रिक वाहनों एवं उनके निर्माण को अपनाने के लिये रोडमैप प्रस्तुत करता है।

- यह योजना राष्ट्रीय ईंधन सुरक्षा बढ़ाने, सस्ता और पर्यावरण अनुकूल परिवहन माध्यम प्रदान करने, वैश्विक विनिर्माण नेतृत्व प्राप्त करने तथा भारतीय मोटर वाहन उद्योग को सक्षम करने के लिये डिज़ाइन की गई है।
- इसी संदर्भ में वर्ष 2015 में भारी उद्योग विभाग ने **फेम इंडिया (Faster Adoption and Manufacturing of (Hybrid &) Electric Vehicles in India- FAME India)** नामक एक योजना बनाई थी।
- **फेम इंडिया** योजना का प्रथम चरण शुरू में 2 साल की अवधि का था, जिसकी शुरुआत 1 अप्रैल, 2015 से हुई थी, लेकिन इसे समय-समय पर बढ़ाया गया तथा इसका अंतिम विस्तार 31 मार्च 2019 तक के लिये किया गया था।
- FAME इंडिया स्कीम के पहले चरण को चार फोकस क्षेत्रों के माध्यम से लागू किया गया था-

(i) डिमांड क्रिएशन

(ii) टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म

(iii) पायलट प्रोजेक्ट

(iv) चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर

विद्युत गतिशीलता को बढ़ावा देने हेतु की गई अन्य पहल

- नई GST व्यवस्था के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों पर GST दरों में भारी छूट दी गई है।
- विद्युत मंत्रालय ने इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग के लिये **'सेवा'** के रूप में विद्युत् विक्रय की अनुमति दी है। यह चार्जिंग व्यवस्था बुनियादी ढाँचे में निवेश हेतु एक बड़ा प्रोत्साहन प्रदान करेगी।
- सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने बैटरी चालित वाहनों के मामले में अधिसूचना जारी कर परमिट में छूट दी है।
- राज्य परिवहन विभागों/उपक्रमों आदि द्वारा 5000 इलेक्ट्रिक बसें चलाने के लिये प्रस्ताव आमंत्रित करना।

अंतराष्ट्रीय स्थानीय फिल्म महोत्सव

अंतर्राष्ट्रीय स्थानीय फिल्म महोत्सव मलेशिया के कुचिंग (Kuching) में आयोजित किया गया।

- इस महोत्सव में भारत के स्थानीय समुदायों पर आधारित चार फिल्में- **दिबि दुर्गा, नियमगिरि- द माउन्टेन ऑफ़ लॉ** द्वारा **सूर्यशंकर दास (ओडिया), शॉट अवेक** एवं **स्ट्रेंग्थ इन डाइवर्सिटी** प्रदर्शित की गईं।
- इस महोत्सव में स्थानीय समुदायों के सहयोग से स्थानीय फिल्म निर्माताओं द्वारा बनाई गई फिल्मों को दिखाया गया है, जिसमें एक बड़ी तथा विभिन्न प्रकार की स्थानीय जनजातियों एवं उनकी संस्कृतियों, मुद्दों, समस्याओं आदि को रेखांकित किया गया है।
- इस महोत्सव का उद्देश्य दुनिया भर से स्वदेशी/स्थानीय समुदायों के लिये एक मंच, एक संवाद, सहयोग तथा शोषणकारी ताकतों के खिलाफ एकजुटता, प्रतिरोध और सक्रियता के रूप में सिनेमा का उपयोग करना है।
- भारत का पहला **अंतर्राष्ट्रीय स्वदेशी फिल्म महोत्सव 2019** ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित किया गया था।

उत्कर्ष **2022**

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने विभिन्न कार्यों के मध्य विनियमन और पर्यवेक्षण को बढ़ाने के उद्देश्य से 'उत्कर्ष 2022' नामक तीन वर्षीय रोडमैप तैयार किया है।

- विनियमन और पर्यवेक्षण तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से बनाई यह नीति, एक मध्यम अवधि की नीति है।
    - इसमें विशेष रूप से भविष्य में किसी भी अन्य IL&FS ऋण संकट से बचाने के लिये केंद्रीय बैंक की सक्रिय भूमिका शामिल है।
- इससे पहले, RBI ने पूर्व डिप्टी गवर्नर **विरल आचार्य** की अध्यक्षता में एक आंतरिक समिति का गठन किया था, जिसका कार्य उन विषयों का चयन करना था जिन पर अगले तीन वर्षों में ध्यान दिया जाना आवश्यक है।
- RBI बोर्ड ने जुलाई 2019 से जून 2020 की अवधि के लिये RBI के बजट को भी मंज़ूरी दी है।